# 51 हजार दीपों से रोशन सेठानी घाट

- प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जगमगा हुआ शहर
- दीपोत्सव और महाआरती, मुख्य सचिव हुए शामिल

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 17 सितंबर . प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा एवं जिम्मेदारियों के 25 वर्ष पूर्ण होने और जन्मदिन की अवसर पर सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ. एक माह तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत सेठानी घाट पर 51 हजार आशीर्वाद के दियों से हुई.**

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव सहित जनप्रतिनिधि शामिल रहे. आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम सेठानी घाट पर आयोजित किया गया.जिसमें 51 दीपों की रोशनी से सेठानी घाट जगमगाया. मां नर्मदा की महाआरती के बाद आसमान में आतिशबाजी हुई. कार्यक्रम में हजारों भक्त शामिल हुए. गुरुवार सुबह से ही सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत नर्मदा घाटों पर स्वच्छता अभियान चला. मां नर्मदा के सेठानी घाट, पर्यटन घाट, विवेकानंद घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया. इस अवसर पर घाटों की गहन सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया. कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक समितियों, जनप्रतिनिधियों, जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर श्रमदान किया. जिसके तहत मां नर्मदा के प्रमुख घाटों की साफ-सफाई, दीपोत्सव एवं मां नर्मदा की महाआरती सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है.



## आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने जिले के भ्रमण के दौरान स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026 के तहत संचालित पंजीयन प्रक्रिया का जायजा लिया. उन्होंने मौके पर उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा कर योजना के क्रियान्वयन एवं पंजीयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली.

मुख्य सचिव ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना की हितग्राही पार्वती बाई के पंजीयन की पूरी प्रक्रिया को स्वयं देखा.उन्होंने पंजीयन प्रक्रिया में गवाह के रूप में उपस्थित नरेंद्र चौरे एवं गिरधारी चौरे से भी चर्चा की तथा पंजीयन की प्रक्रिया और इसमें लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी प्राप्त की. इसके पश्चात मुख्य सचिव ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र, पांजरा कलां का निरीक्षण किया. उन्होंने वहां उपलब्ध निरीक्षण पंजीयों का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली. उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं केंद्र की व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की.


# गणेश के स्वरूपों में सनातन संस्कृति की झलक

- 11वीं से 13वीं शताब्दी की प्रतिमाएं बनीं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 17 सितंबर . प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की भक्ति से पूरा शहर गणेशमय है. गणेश महोत्सव के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला पुरातत्व संग्रहालय में संरक्षित प्राचीन गणेश प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं. सदियों पुरानी इन प्रतिमाओं के दर्शन के साथ लोग नर्मदापुरम की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से भी रूबरू हो रहे हैं.**

जिला पुरातत्व संग्रहालय में सांवलेखेड़ा, बिछोला, खेड़ीनेमा, सोहागपुर, नर्मदापुरम और हीरापुर से प्राप्त भगवान गणेश की छह प्राचीन प्रतिमाएं संरक्षित हैं. इनमें सांवलेखेड़ा और बिछोला की प्रतिमाएं 11वीं शताब्दी, खेड़ीनेमा और सोहागपुर की प्रतिमाएं 12वीं शताब्दी, नर्मदापुरम की नृत्य गणेश प्रतिमा 12वीं शताब्दी तथा हीरापुर की प्रतिमा 12वीं-13वीं शताब्दी की मानी जाती हैं.



### गणेश उत्सव में बढ़ी संग्रहालय की रौनक

गणेश महोत्सव के दौरान संग्रहालय में प्राचीन प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है. लोग भगवान गणेश के ऐतिहासिक स्वरूपों के दर्शन करने के साथ उनके निर्माण काल और धार्मिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं. प्राचीन प्रतिमाएं न केवल आस्था का केंद्र हैं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को भी संजोए हुए हैं.

## नृत्य गणेश प्रतिमा बनी विशेष आकर्षण

संग्रहालय में रखी नर्मदापुरम की नृत्य गणेश प्रतिमा श्रद्धालुओं के बीच खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है. इस प्रतिमा में प्राचीन शिल्पकारों की कला, धार्मिक आस्था और मूर्तिकला की उत्कृष्टता दिखाई देती है. प्रतिमाओं पर की गई बारीक नक्काशी तत्कालीन धार्मिक परंपराओं और संस्कृति की समृद्ध कहानी बयां करती है.

## एक नजर में



### गणेश उत्सव में भजनों की धूम

**बनखेड़ी, 17 सितंबर.** शहर के समीप ग्राम माल्हनबाड़ा में हरदौल दादा गणेश उत्सव समिति द्वारा भजनों का कार्यक्रम आयोजित हुआ . इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न भजन मंडलों ने अपनी प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया. कार्यक्रम में रामराज मंडल माल्हनवाड़ा, श्याम मंडल गोपालपुर, श्री श्याम मंगल सिटी गोहाना एवं मछैरा भजन मंडल के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए. भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने उपस्थित ग्रामीणों को देर रात तक बांधे रखा. ग्रामीणों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया. आयोजन के दौरान पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा. इस कार्यक्रम में समिति के सरपंच संतोष पटेल, लाल साहब पटेल, सुजान पटेल, रामकुमार पटेल, कृष्णकांत पटेल, नरेश बैंकर, गायक भरत पटेल, इंद्र कर्क, राहुल टेकाम, गुड्डू कर्क, चंदन मुंडाफर, रामसिंह पटेल, प्रमोद पाल, हरगोविंद मालवीय, रंजीत कर्क, अजय कर्क, साहब मुकदम एवं हरिओम पटवा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

### हर बूथ पर जलेगा आशीर्वाद का दीपक

**पिपरिया.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय हथवांस एवं पिपरिया में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान हर बूथ पर 'आशीर्वाद का दीप' जलाने का संकल्प लिया गया. कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिनके जीवन में सेवा कार्यों से बदलाव आया है, उनका आशीर्वाद प्रधानमंत्री को समर्पित किया जाएगा. खापरखेड़ा मंडल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, मंडल अध्यक्ष राजा भैया पटेल, जिला उपाध्यक्ष अर्चना अनिल साहू, पवन वालिया, सरदार सिंह रघुवंशी, सुनील रघुवंशी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे. वहीं भाजपा कार्यालय पिपरिया में विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, गोपालदास दुदानी, मुकेश सराठे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की. कार्यकर्ताओं ने सेवा संकल्प अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने का आह्वान किया.

### श्रीराधाष्टमी महामहोत्सव 19 सितंबर को

**पिपरिया.** श्रीराधाबल्लभ वैष्णव परिषद द्वारा 19 सितंबर को श्रीराधाष्टमी महामहोत्सव आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर दोपहर 3 बजे देवीलाल श्यामसुंदर सोनी के निवास से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंगलवारा धर्मशाला पहुंचेगी. यहां भजन-कीर्तन, श्रृंगार दर्शन और आरती का आयोजन होगा.

### करंट से युवक की मौत मामले में लापरवाही का केस

**पिपरिया.** खापरखेड़ा में करंट लगने से हुई युवक रामकिशन अहिरवार की मौत मामले में पुलिस ने जांच के बाद लापरवाही का प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार खुले बिजली तारों से लोहे के पाइप में करंट फैल गया था, जिसकी चपेट में आने से युवक की मौत हुई. मामले में भगवतीबाई पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है.

### हाथी कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**पिपरिया.** हाथी पुनर्यौवनीकरण कैंप के तहत हाथी महावतों, चारा कटरों और हाथी प्रभारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. मेडिकल टीम ने कर्मचारियों की जांच कर सैंपल लिए और आवश्यक परामर्श व दवाइयां वितरित कीं. अधिकारियों ने बताया कि पहल का उद्देश्य हाथियों की देखभाल में लगे कर्मचारियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा करना है.

### शोभापुर रोड पर जाम से परेशानी

पिपरिया. शोभापुर रोड पर निर्माण कार्य की धीमी गति और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण बार-बार जाम लग रहा है. इससे एंबुलेंस और 108 वाहन भी प्रभावित हो रहे हैं. नागरिकों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है. सीएमओ ने मौके का निरीक्षण कर सुधार कराने की बात कही है.

# स्वावलंबन से मजबूत होगी भारत की साख-धाक : सतीश

- 26 दिसंबर से 4 जनवरी तक लगेगा स्वदेशी मेला
- दर्शन सिंह गेहलोत होंगे प्रमुख

नवभारत न्यूज

**हरदा, 17 सितंबर. स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के चेयरपर्सन सतीश चावला ने कहा कि आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन ही देश की वास्तविक शक्ति है. जब युवा आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से सक्षम होंगे, तभी विश्व में भारत की साख और धाक और मजबूत होगी. उन्होंने युवाओं से स्वदेशी, नवाचार और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया.**

चावला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और आदर्श महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार मांगने के बजाय रोजगार देने वाला बनने का लक्ष्य रखना चाहिए. अपनी प्रतिभा और कौशल का उपयोग कर वे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं. कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डॉ. एलएन पाराशर ने युवाओं को स्टार्टअप, स्वरोजगार और स्थानीय नवाचार से जुड़ने की अपील की. उन्होंने केंद्र सरकार की स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही. इस अवसर पर प्रांतीय सह मेला प्रमुख रविलाल पटेल ने आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिरोही को शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया.



### 26 दिसंबर से लगेगा स्वदेशी मेला

हरदा प्रवास के दौरान स्वर्णिम भारत फाउंडेशन की बैठक में स्वदेशी मेले की तैयारियों पर चर्चा की गई. सतीश चावला ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल व्यापारिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और सामाजिक समन्वय का मंच है. वर्ष 2026-27 के लिए आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले का प्रमुख दर्शन सिंह गेहलोत को नियुक्त किया गया है. हरदा में यह लगातार तीसरे वर्ष आयोजित होगा. मेला 26 दिसंबर से 4 जनवरी तक मिडिल स्कूल ग्राउंड में लगाया जाएगा. बैठक में श्रीकांत बुधौलिया, श्याम माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# दशलक्षण पर्व में उत्तम क्षमा आराधना



**हरदा. जैन समाज के पावन दशलक्षण पर्व का शुभारंभ 16 सितंबर से हुआ. पर्व के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने उत्तम क्षमा धर्म की आराधना कर क्रोध और वैमनस्य त्यागने तथा सभी जीवों के प्रति क्षमा व मैत्री भाव रखने का संकल्प लिया.**

पर्व के अवसर पर शहर के चारों दिगंबर जैन मंदिरों में अभिषेक, विधान-पूजन, पाठ और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए. श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण महामंडल विधान का विशेष पूजन हुआ. शाम को अर्हम ध्यान योग, भक्ताम्बर मंडल पाठ और भव्य आरती में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए. समाज कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि दस दिवसीय पर्व में प्रतिदिन अलग-अलग धर्मों की आराधना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे. समाज अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने कहा कि दशलक्षण पर्व आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का अवसर है, जो मनुष्य को जीवन के विकारों से दूर होकर आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है.

# सांदीपनि विद्यालय में सेवा अभियान शुरू

- विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया आगाज
- विज्ञान प्रदर्शनी विजेता छात्रा अदिति का सम्मान

**सिवनी मालवा, 17 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे 'सेवा से संकल्प' अभियान का शुभारंभ गुरुवार को सिवनी मालवा के शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया.**



कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे. कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र आयुष द्वारा अपने हाथों से बनाई गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर का अनावरण किया गया.

# मोहासा औद्योगिक केंद्र में स्थानीय युवाओं को रोजगार

- मुख्य सचिव ने उद्योगपतियों से किया संवाद, आईटीआई और ग्लोबल आईटी पार्क में प्रशिक्षण की योजना

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम. सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने गुरुवार को नर्मदापुरम के मोहासा औद्योगिक केंद्र का निरीक्षण किया.**

उन्होंने सोलर पैनल निर्माता कंपनी ग्रू सोलर की उत्पादन इकाई का भ्रमण कर औद्योगिक गतिविधियों की जानकारी ली और उद्योगपतियों से संवाद किया.



मुख्य सचिव ने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि मोहासा में निवेश करने वाली कंपनियां स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता दें. इसके लिए उद्योगों की जरूरत के अनुसार आईटीआई में नए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे. कंपनियां अपनी आवश्यकताओं की जानकारी संभाग आयुक्त को उपलब्ध कराएं, ताकि स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जा सके. उन्होंने कहा कि ग्लोबल आईटी पार्क में भी उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे. इसके लिए कंपनियां अपने प्रशिक्षकों को भेज सकती हैं. वर्तमान में ग्लोबल आईटी पार्क में करीब ढाई हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे बढ़ाकर 10 हजार युवाओं तक ले जाने की योजना है. इससे कंपनियों को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हो सकेगा. एमपीआईडीसी के संचालक चंद्रमौली शुक्ला ने मोहासा औद्योगिक केंद्र की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि यहां करीब 40 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है. औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 28 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं.

# खाद्य मिलावट पहचानने के तरीके बताए

**हरदा. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को टिमरनी में खाद्य पदार्थों की जांच कर नमूने लिए. टीम ने होटल यू लाइक, आशीष रेस्टोरेंट और शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की मध्यान्ह भोजन रसोई का निरीक्षण किया.**

चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से आटा, मैदा, तुअर दाल, पुलाव, ग्रेवी, पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थों की जांच की गई. आशीष रेस्टोरेंट से पनीर का नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया.



इसके बाद विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों के लिए खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें दूध, दही, घी, पनीर और मसालों में होने वाली मिलावट की पहचान के आसान तरीके बताए गए.

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले ने बताया कि पूर्व में ब्रजवासी मावा एवं मिष्ठान भंडार से लिया गया मावा का नमूना अवमानक पाए जाने पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया था.

## कलेक्टर ने स्वामित्व शिविर का लिया जायजा

**हरदा.** शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026' के तहत हरदा जिले को पायलट जिले के रूप में चयनित किया गया है. सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरुवार को टिमरनी विकासखंड के ग्राम गोंदागांवकला स्थित ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन शिविर का निरीक्षण किया.

# सेवा संकल्प अभियान में रक्तदान युवाओं ने दिया सेवा का संदेश

**हरदा. सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जिला चिकित्सालय हरदा में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय शाह और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने किया.**

पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सेवाकाल में जनकल्याण और सुशासन के क्षेत्र में अनेक कार्य हुए हैं. उन्होंने युवाओं से सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया. शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं. वरिष्ठ आईएएस अनुराग चौधरी ने शिविर का निरीक्षण कर रक्तदाताओं से चर्चा की और उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए.



**जन्मदिन** — पीएम मोदी के जन्मदिन पर शहर भर हुए कई आयोजन ,भाजपा जिला अध्यक्ष सहित भाजपाई रहे शामिल

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर 55 यूनिट रक्तदान

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 17 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला नर्मदापुरम द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया.**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में हुए शिविर में युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साह के साथ भागीदारी की. शिविर में 55 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया.



युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक महालहा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जा रहा है. रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है. उन्होंने कहा कि शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया.

शिविर में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी कराई. एकत्रित रक्त को जरूरतमंद मरीजों के उपचार के लिए उपलब्ध कराया जाएगा. रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया.

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश खंडेलवाल, जिला महामंत्री ज्योति चौरे एवं मुकेश मैना सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और युवा मोर्चा के सदस्य मौजूद रहे.

# नर्मदे हर के जयघोष से गूंजेगी शताब्दी गाथा

- 22-23 सितंबर को होंगे आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन

**हरदा. नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट द्वारा 22 एवं 23 सितंबर को शताब्दी समारोह आयोजित किया जाएगा. दो दिवसीय आयोजन में समाज की गौरवशाली यात्रा का स्मरण, आध्यात्मिक कार्यक्रम और भविष्य की दिशा को लेकर मंथन होगा.**

मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर ने बताया कि समारोह पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और विरासत के सम्मान का अवसर है. इस दौरान धर्मशाला की नींव रखने वाले 13 संस्थापक सदस्यों को श्रद्धापूर्वक नमन किया जाएगा.



संयोजक संदीप पाराशर ने बताया कि आयोजन की तैयारियां पिछले डेढ़ वर्ष से चल रही हैं. देश-विदेश से समाजजन समारोह में शामिल होंगे. 'नर्मदे हर' के जयघोष के बीच यह आयोजन समाज की विभिन्न पीढ़ियों को जोड़ने का माध्यम बनेगा. 22 सितंबर को धर्मशाला परिसर में नर्मदा पूजन, विष्णु सहस्रनाम पाठ, सुंदरकांड, मातृशक्ति उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. वहीं 23 सितंबर को गोपीकृष्ण गार्डन में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर धर्मशाला के 100 वर्षों के इतिहास पर आधारित स्मारिका 'आराध्या—एक अनमोल विरासत' का विमोचन होगा.